आरजीजीएलवी के लिए चुने गए व्यक्तियों को व्यक्तिगत तौर पर इसका प्रबंध करना होगा। वह किसी अन्य प्रकार का रोजगार लेने का पात्र नहीं होगा/होगी। यदि कोई चुना गया व्यक्ति पहले से ही रोजगार में है तो उसे अपने वर्तमान रोजगार से त्याग पत्र देना होगा और ऑयल कम्पनी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले नियोजक द्वारा स्वीकार किया गया त्याग–पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुने गए व्यक्ति को ऑयल कम्पनी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा करना होगा कि वह निजी क्षेत्र में रोजगार में नहीं है या वह राज्य/केंद्र सरकार से कोई वेतन/अनुलब्धि/परिलब्धि (पेंशन के अलावा) आहरित नहीं कर रहा है।

14. **आरजीजीएलवी को शुरु करना:**

चुने गए उम्मीदवारों के लिए विवरणों का फील्ड वेरीफिकेशन (एफवीसी) किया जाएगा और यदि उम्मीदवार द्वारा आवेदन में दी गई सूचना सही पाई जाती हैं तो ही आशय पत्र जारी किया जाएगा।

चुने गए उम्मीदवार को रु. 20,000/– (बीस हजार रूपए) की राशि एफवीसी से पहले संबंधित तेल कंपनी के पास जमा करनी होगी। यदि वह यह राशि जमा करने में असफल रहता है तो चयनित उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

चयनित उम्मीदवार द्वारा यदि आवेदन में झूठी/गलत/तोड़–मरोड़ कर जानकारी दी जाती है तो उस उम्मीदवार का चयन रदद् किये जा सकने के साथ एफवीसी से पहले जमा कि गई रु. 20,000/– की राशि भी जब्त की जा सकती है।

चुने गए उम्मीदवार जिन्हें आशय पत्र (एलओआई) जारी कर दिया गया है, को इसमें दी गई शर्तों और निबंधनों को पूरा करना होगा ताकि आरजीजीएलवी की कमीशनिंग निर्धारित समय के भीतर की जा सके। कार्य शुरु करने से पहले, नियुक्ति पत्र दिया जाएगा और आरजीजीएलवी करार निष्पादित किया जाएगा।

इस करार की आरंभिक अवधि शर्तों और निबंधनों के तहत प्रारंभ में 5 वर्ष के लिए होगी, तत्पश्चात् इसे निगम के स्व निर्णय पर प्रचालित दिशा–निर्देशों के अनुसार नवीनीकृत किया जा सकेगा।

15. **प्रतिभूति जमा :**

नियुक्ति पत्र जारी होने से पहले चुने गए उम्मीदवार को संबंधित तेल कंपनी के पास रु. 2 लाख (दो लाख रु.) की ब्याज मुक्त प्रतिदेय प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी। चुने गए उम्मीदवार से विवरणों के फील्ड वेरिफिकेशन (एफवीसी) से पहले ली गई रू. 20,000/– (बीस हजार रु.) की राशि इस जमा के प्रति समायोजित कर दी जाएगी। संबंधित तेल कंपनी को त्याग पत्र/निरस्तीकरण के समय इस राशि में से किसी भी देय राशि का समायोजन करने का अधिकार होगा। यद्यपि, सिद्ध कदाचार के आधार पर आरजीजीएलवी के निरस्तीकरण के मामले में कथित प्रतिभूति जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।

16. **सामान्य :**

(क) कम्पनी के पास कोई भी कारण बताए बिना अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने/संशोधित करने अथवा निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने का अधिकार होगा।

(ख) एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक स्थानों के लिए आवेदन करने पर, प्रत्येक स्थान के संबंध में प्रत्येक मामले के लिए लागू आवेदन शुल्क सहित अलग आवेदन पत्र दिया जाना चाहिए।

(ग) आवेदक एक स्थान के लिए केवल एक ही आवेदन कर सकते हैं। यदि एक व्यक्ति से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो उन्हें समाहित करके एक ही आवेदन माना जाएगा और अन्य सभी आवेदनों का शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

(घ) आरजीजीएलवी के लिए आवेदन पत्र विज्ञापन में दिए गए प्रारूप के अनुसार सादे कागज पर साफ–साफ लिखकर अथवा टाइप करके जमा किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन पत्र के सभी पृष्ठों, संलग्न किए गए शपथ पत्रों सहित प्रत्येक पृष्ठ पर, पृष्ठ संख्या डालनी होगी और अपने हस्ताक्षर करना होगा। सभी शपथ पत्रों/वचन पत्रों को आवेदन पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न करना होगा।

(ङ) केवल वे दस्तावेज जो आवेदन पत्र में मांगे गए हैं, वे ही आवेदन के साथ जमा किए जाए। आवेदन के साथ संलग्न अन्य किसी दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(च) डाक में देरी सहित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(छ) 'खुली' श्रेणी के अंतर्गत विज्ञापित स्थानों को छोड़कर अन्य के लिए पात्रता प्रमाणपत्र आवेदन के साथ अवश्य जमा करना होगा। यद्यपि, रक्षा कार्मिक श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों के पास लॉट के ड्रॉ के दिन भी डीजीआर से मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करने का विकल्प होगा।

(ज) यदि आवेदन पत्र में दी गई कोई जानकारी अथवा उसके साथ संलग्न किए गए दस्तावेज में या आवेदन पत्र के संदर्भ में बाद में किसी भी स्तर पर उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी छुपाई गई हो/गलत रूप से पेश की गई हो/गलत या झूठी पाई जाती है जो योग्यता पर प्रतिकूल असर डालती हो, तो आवेदन पत्र को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है और यदि आवेदक को आरजीजीएलवी के रूप में नियुक्त कर लिया जाता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। ऐसे मामले में उम्मीदवार/आरजीजीएलवी का संबंधित ऑयल कंपनी के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(झ) आवेदक को आवेदन पत्र के विभिन्न मदों में उल्लिखित सभी जानकारियां देनी चाहिए। यदि चुना जाता है तो सत्यापन के समय आवेदक को आवेदन में दी गई जानकारी के समर्थन में सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सत्यापन के समय इन दस्तावेजों को मूल रूप में प्रस्तुत करने में असफल रहने पर एफवीसी से पहले चुने गए प्रत्याशी द्वारा जमा की गई रु. 20,000/– की राशि जब्त होने के साथ चयन रद्द हो जाएगा।

(ञ) विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को भेजे जाने वाले लिफाफे पर साफ–साफ अक्षरों में निम्न प्रकार से लिखा जाए **"यह आवेदन पत्र .................... (ऑयल कम्पनी का नाम) की .......................................... स्थान के लिए 'राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक' हेतु है"।**

(ट) यह पूर्णतः एक व्यापारिक प्रस्ताव है और संबंधित ऑयल कम्पनी में किसी नौकरी के लिए आवेदन नहीं है और इसमें सामान्य व्यापार के जोखिम है और यह किसी प्रकार के निश्चित लाभ अथवा प्रतिलाभ की गारंटी नहीं देता।

(ठ) यह केवल आवेदन पत्र है और आरजीजीएलवी के लिए प्रस्ताव नहीं है।

**(नीले/काले बाल प्वाइंट पेन का प्रयोग करके स्पष्ट अक्षरों में फार्म भरें)**

**अभ्यर्थी कृपया आवेदन करने से पहले सामान्य अनुदेश पढ़ें।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कार्यालय उपयोग हेतु**<br>आवेदक द्वारा न भरा जाए | कार्यालय कोड | क्रम संख्या | दि. दि. – माह माह – वर्ष वर्ष<br>आवेदन प्राप्त होने की तिथि | **हाल ही का पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ नमूना हस्ताक्षर सहित जो फोटोग्राफ के आर–पार जाता हुआ हो** |

**राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक (आरजीजीएलवी) के लिए आवेदन**

कृपया अपने स्थान की तेल कम्पनी का नाम लिखें (बीपीसी या आईओसी या एचपीसी)

**आवेदन शुल्क का विवरण** ₹

**डिमांड ड्राफ्ट नं.** | **दिनांक** दि. दि. – माह माह – वर्ष वर्ष

**शाखा पर आहरित** (बैंक का नाम) | **शाखा पर देय**

के पक्ष में देय (तेल कम्पनी का पूरा नाम)

(एससी/एसटी आवेदकों को छोड़कर सभी आवेदकों के लिए रु. 1000/– (एक हजार रु. मात्र) आवेदन प्रक्रिया शुल्क। एससी/एसटी अभ्यर्थियों हेतु प्रक्रिया शुल्क रु. 500/– (पांच सौ रु. मात्र) एससी/एसटी प्रमाणपत्र संलग्न करने पर)।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आरजीजीएलवी स्थान का नाम | |
| 2क | ग्राम पंचायत स्थान*** | |
| 2ख | तहसील*** | |
| 3 | जिला | |
| 4 | राज्य | |
| 5 | श्रेणी | |

**{एससी/एसटी, एससी/एसटी (जीपी), एससी/एसटी (सीसी), ओबीसी, ओबीसी (जीपी), ओबीसी (सीसी), खुली (जीपी), खुली (सीसी)} आवेदक कृपया पात्रता मानदंड में उल्लिखित विवरण के अनुसार अपने सक्षम प्राधिकारी से साक्ष्य के रूप में प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न करें। 'खुली' श्रेणी के अंतर्गत स्थानों के लिए लागू नहीं।**

6 विज्ञापन की तिथि दिन दिन – माह माह – वर्ष वर्ष वर्ष वर्ष (कृपया यहाँ समाचार पत्र का नाम लिखें)

**7 आवेदक परिशिष्ट–क में दिए गए प्रारूप के अनुसार शपथ–पत्र संलग्न करें**

7.1 नाम — प्रथम नाम / मध्य नाम / उपनाम

7.2 **पिता / पति का नाम** **श्री** — शीर्षक / प्रथम नाम / मध्य नाम / उपनाम

7.3 **पता** — **पिन कोड :**

**मोबाइल नं.**

**टेलीफोन नं.** – **ई–मेल :**

| | | |
|---|---|---|
| 7.4 **भारतीय नागरिक** | **हाँ** | **नहीं** |
| **निवासी** | (गांव का नाम) | |
| **ग्राम पंचायत*** ** | (ग्राम पंचायत का नाम) | |
| **तहसील*** ** | (तहसील का नाम) | |
| **जिला** | (जिला का नाम) | |
| **राज्य** | (राज्य का नाम) | |

*** विज्ञापन की मद सं. 1 में दिए अनुसार राज्य का संगत राजस्व/प्रशासनिक अवसंरचना दर्शाएं।

7.5 **लिंग** पुरुष / महिला

7.6 **जन्म तिथि** दिन दिन – माह माह – वर्ष वर्ष वर्ष वर्ष **आयु** वर्ष माह दिन

**आवेदन की तिथि पर आयु**

7.7 **वैवाहिक स्थिति** | **अविवाहित** | **विवाहित** | **विधवा** | **विधुर** | **तलाकशुदा** | जो लागू नहीं हो उसे काट दें।

7.8 पति/पत्नी का नाम (यदि विवाहित हैं)

8 **शैक्षिक योग्यता (पात्रता मानदण्ड के अनुसार न्यूनतम)**

| योग्यता | बोर्ड /विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष |
|---|---|---|
| माध्यमिक अर्थात् मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं परीक्षा अथवा समकक्ष | | |

**कृपया नीचे बिंदु 9 पर सूचना प्रदान करने से पहले सामान्य अनुदेश की मद संख्या 9 को पढ़ें।**

**9 आवेदक/'पारिवारिक इकाई'** में परिवार के सदस्य या आवेदक के माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के नाम पर विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान पर एलपीजी गोदाम के निर्माण के लिए भूमि/एलपीजी सिलेंडर भंडारण के तैयार गोदाम का निम्नलिखित विवरण प्रदान करें। यदि यह भूमि आवेदक की पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के नाम पर है तो परिशिष्ट – ख के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा करना होगा। यदि यह भूमि किसी अन्य व्यक्ति (यों) के साथ आवेदक/ आवेदक की पारिवारिक इकाई** के सदस्य/ माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के स्वामित्व में है और आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के हिस्से वाली भूमि गोदाम की भूमि की आवश्यकताएं पूरी करती है तो परिशिष्ट झ के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र के रूप में सहस्वामी (यों) से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा।**

| भूस्वामी (यों) का नाम | आवेदक के साथ संबंध | पंजीकृत विक्रय विलेख / उपहार विलेख / दाखिल / खारिज की तिथि | एलपीजी गोदाम के लिए भूमिस्थल का (गांव के नाम सहित) पता | खसरा सं./ सर्वे सं. | भूमि के आयाम* लंबाई (मीटर में) | भूमि के आयाम* चौड़ाई (मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

***स्वामित्व वाली कुल भूमि में से प्रस्तावित गोदाम के प्रयोजनार्थ उपयोग किए जाने वाले भूखंड के आयामों का उल्लेख करें।**

**टिप्पणीः (1) 21 मीटर x 26 मीटर न्यूनतम परिमाप से कम भूखण्ड पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**(2) भूमि के दस्तावेज विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या उसके पूर्व के होने चाहिए तथा इनका सत्यापन फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान किया जाएगा।**

**कृपया नीचे बिंदु संख्या 10 और 11 पर सूचना प्रदान करने से पहले सामान्य अनुदेश की मद संख्या 10 और 11 को पढ़ें:**

10 **बैंक/डाकघर में बचत बैंक खाते में राशि** आवेदक और 'पारिवारिक इकाई'** के सदस्यों के नाम पर। पारिवारिक इकाई** के सदस्य (यों) से परिशिष्ट–ख में दिए गए प्रारूप के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा किया जाए।

| क्र. सं. | बैंक का नाम | बचत खाता सं. | खाताधारकों के नाम | आवेदक के साथ संबंध | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | रु. – |
| 2 | | | | | रु. – |
| 3 | | | | | रु. – |
| 4 | | | | | रु. – |
| | | | | कुल | रु. – |

**शब्दों में कुल राशि :**

**टिप्पणी : प्रत्येक मामले में उपरोक्त घोषित राशि आवेदन जमा करने की निर्दिष्ट अंतिम तिथि, जैसा कि विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में बताया गया है, पर समापन शेष के अनुसार उपलब्ध होनी चाहिए तथा इनका सत्यापन फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान किया जाएगा।**

11 **सावधि जमा/एनएससी/शेयर/एमएफ आदि** आवदेक और 'परिवारिक इकाई** के सदस्यों के नाम। 'परिवारिक इकाई** के सदस्य (सदस्यों) द्वारा संलग्न प्रारूप परिशिष्ट–ख के अनुसार शपथपत्र सलंग्न किया जाए।

| क्र. सं. | निवेश का प्रकार– एफडी/एनएससी/पीपीएफ/शेयर/म्युचुअल फंड आदि | तिथि सहित संदर्भ सं. | धारक (कों) का नाम | आवेदक के साथ संबंध | प्रारंभिक निवेश की राशि | आवेदन की तिथि को मूल्य (राशि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | रु. – |
| 2 | | | | | | रु. – |
| 3 | | | | | | रु. – |
| 4 | | | | | | रु. – |
| | | | | | कुल | रु. – |

**शब्दों में कुल राशि :**

**टिप्पणी :**

**(1) उपरोक्त घोषित निवेश आवेदन जमा करने की निर्दिष्ट अंतिम तिथि, जैसा कि विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में बताया गया है, के अनुसार उपलब्ध होना चाहिए तथा इनका सत्यापन फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान किया जाएगा।**

**(2) उपरोक्त दर्शाया गया मूल्य (राशि) आवेदन की तिथि पर होनी चाहिए।**

| | |
|---|---|
| **12** क्या आपको कभी किसी आपराधिक मामले, जिसमें नैतिक दुराचार और/या आर्थिक अपराध (स्वतंत्रता संग्राम के अतिरिक्त) शामिल है, के लिए किसी कानूनी न्यायालय द्वारा दोषी करार दिया गया है अथवा कानूनी न्यायालय द्वारा कोई आरोप तय किया गया है। (यदि हां तो आप आवेदन करने के पात्र नहीं हैं)। | **हां / नहीं**<br>जो लागू नहीं हो उसे काट दें। |

**13 ओएमसी के मौजूदा एसकेओ (कैरोसीन) डीलरों द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. **एसकेओ डीलरशिप का नाम** | | | | | |
| ii. **एसकेओ डीलरशिप का स्थान** | | | | | |
| iii. **जिला** | | | | | |
| iv. **राज्य** | | | | | |
| v. **डीलरशिप की श्रेणी** | | | | | |
| vi. **एसकेओ डीलरशिप की ऑयल कंपनी का नाम** | **आईओसी** | **बीपीसी** | **एचपीसी** | | जो लागू नहीं हो उसे काट दें। |
| vii. **डीलरशिप का गठन** | **स्वामित्व** | **भागीदारी** | **सोसाइटी** | **कंपनी** | जो लागू नहीं हो उसे काट दें। |
| (केवल एकमात्र स्वामित्व वाली एसकेओ डीलरशिप ही आवेदन की पात्र है) | | | | | |
| viii. **इस आरजीजीएलवी के विज्ञापन के माह के तत्काल पहले के 12 माह के दौरान एसकेओ में प्रति माह औसत आवंटन।** | | | | | औसत कि.ली./माह |

(75 कि.ली. या इससे अधिक एसकेओ में प्रति माह औसत आबंटन होने पर एसकेओ डीलर को आवेदन की पात्रता नहीं होगी)

**कृपया इस आरजीजीएलवी के विज्ञापन के माह के तत्काल पहले के 12 माह के दौरान माह–वार आवंटन की प्रति संलग्न करें, जिसे राज्य सरकार के आवंटन प्राधिकारी / तेल विपणन कंपनी के मंडल/टेरीटरी/क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा जारी किया गया हो।**

**14 आवेदक द्वारा घोषणा :**

मुझे ज्ञात है कि उपर्युक्त आवेदन में दी गई सूचना के आधार पर आरजीजीएलवी के लिए पात्रता तय की जाएगी। तेल कम्पनी द्वारा जांच किए जाने पर यदि यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत/असत्य/भ्रामक है तो मेरी पात्रता रद्द हो जायेगी और मैं आरजीजीएलवी के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाऊंगा।

मैं यह भी पुष्टि करता हूं कि चयनित हो जाने पर, इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई सूचना का समर्थन करने वाले मूल दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा और इन मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असफल रहने पर मेरा चयन रद्द कर दिया जाएगा।

मुझे पूर्ण रूप से ज्ञात है कि यदि मैं किसी कारणवश मुख्य विस्फोटक नियंत्रक (पी.ई.एस.ओ.) के कार्यालय द्वारा पूर्णरूपेण स्वीकृत एलपीजी गोदाम और/या तेल कम्पनी के मानक लेआउट के अनुसार शोरूम उपलब्ध कराने में असमर्थ रहा तो मुझे आरजीजीएलवी का दिया गया आवंटन रद्द हो जाएगा।

मुझे पूर्ण रूप से ज्ञात है कि अगर मैं नौकरी कर रहा हूं तो मुझे नौकरी से इस्तीफा देना होगा और आरजीजीएलवी योजना के अन्तर्गत डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए नियुक्तिपत्र जारी होने के पहले अपने नियोक्ता से अपने इस्तीफे की स्वीकृति का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। ऐसा करने में असमर्थता मेरे चयन को रद्द कर देगी।

मुझे यह भी ज्ञात है कि मैं राज्य/केंद्र सरकार से कोई वेतन/परिलब्धि/अनुलब्धि (प्राप्त पेंशन के अलावा) आहरित नहीं कर सकता हूं और आरजीजीएलवी के रूप में नियुक्ति के समय मुझे इन लाभों को छोड़ना होगा। इस शर्त का पालन करने में असफल रहने पर मेरा चयन रद्द हो जायेगा।

मुझे ज्ञात है कि यदि मैं विवाहित हूं तो मेरी पत्नी/मेरे पति मेरे साथ आरजीजीएलवी की सह–स्वामी होगें।

मैं वचन देता हूं कि यदि मेरा चयन हो जाता है तो मैं कॉर्पोरेशन के नीति के अनुसार ब्याज मुक्त प्रतिभूति राशि जमा करवाऊंगा।

मुझे ज्ञात है कि यदि मुझे चुना जाता है तो मुझे एफवीसी से पहले प्रतिभूति जमा राशि की 10 प्रतिशत राशि अर्थात रु. 20,000/– जमा करने होंगे। यदि ऐसा पाया जाता है कि मेरे द्वारा गलत/झूठी/भ्रामक जानकारी दी गई है तो मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी और एफवीसी से पहले जमा किये गये रु. 20,000/– की राशि जब्त हो जाएगी।

मैंने विज्ञापन में उल्लिखित आरजीजीएलवी के लिए लागू शर्तों एवं निबंधनों को पढ़ लिया है और पुष्टि करता हूं कि मैं आरजीजीएलवी के योग्यता मापदंड को पूरा करता हूं जिसके लिए मैंने इस आवेदन पत्र में आवेदन किया है।

यह आवेदन पत्र जमा करने से पहले मैनें मद सं. 15 में दी गई जांच सूची का सत्यापन कर लिया है और यह सत्य एवं सही है।

**वचन**

मैं ...................................... पुत्री/पुत्र/पत्नी श्री ........................ एतद्द्वारा पुष्टि करता हूं कि उपर्युक्त सूचना सत्य एवं सही है। किसी गलत सूचना/मिथ्या जानकारी/सत्य को छिपाने पर मैं इस आरजीजीएलवी के लिए अपात्र हो जाऊंगा/जाऊंगी।

**स्थान :**.............................. **आवेदक का हस्ताक्षर** ................................................

दिनांकः दिन दिन – माह माह – वर्ष वर्ष वर्ष वर्ष **आवेदक का नाम** ................................................ (स्पष्ट अक्षरों में नाम)

| 15. | **आवेदकों के लिए जांच सूची** | |
|---|---|---|
| | (टिप्पणीः जांच सूची में सभी मदों के सामने चैक बॉक्स को भरना आवश्यक है।) | |
| **क्र. सं.** | **जांच एवं पुष्टि किये जाने वाले दस्तावेज/कार्यविधि** | **चैक बॉक्स# (✓/✗)** |
| 1 | मैनें डीडी सं. ..................... दिनांक ........................ (सत्यापित राशि, संबंधित कम्पनी के पक्ष में ........................... स्थान पर देय) को संलग्न कर दिया है। | |
| 2 | मैनें वर्तमान पासपोर्ट साइज़ फोटो चिपकाकर उसमें आर–पार हस्ताक्षर कर दिये हैं। | |
| 3 | मैनें संबंधित श्रेणी के लिए लागू योग्यता प्रमाणपत्रों की प्रतियों को संलग्न कर दिया है। | |
| 4 | मैनें परिशिष्ट–क के अनुसार दिए गए निर्धारित प्रपत्र में नोटरीकृत मूल शपथ पत्र संलग्न कर दिया है। | |
| 5 | मैनें परिशिष्ट–ख, जैसा लागू हो, के अनुसार नोटरीकृत मूल शपथ पत्र संलग्न कर दिया है। | |
| 6 | मैनें परिशिष्ट–झ, जैसा लागू हो, के अनुसार भूमि के संयुक्त स्वामित्व के लिए नोटरीकृत मूल शपथ पत्र संलग्न कर दिया है। | |
| 7 | मैनें मूल नोटरीकृत शपथ पत्र–परिशिष्ट–च के अनुसार ओ.बी.सी. के लिए लागू घोषणापत्र/वचनपत्र संलग्न कर दिया है। | |
| 8 | मैनें योग्यता मापदंडों के अनुसार आवेदन की तिथि को अपनी आयु की जांच कर ली है। | |
| 9 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मैं विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान की ग्राम पंचायत अथवा संबंधित राज्य मे लागू संगत राजस्व/प्रशासनिक अवसंरचना जो कि विज्ञापन वर्णित है, का निवासी हूँ जिसके लिए यह आवेदन जमा किया गया है। | |
| 10 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मैं विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान की ग्राम पंचायत का निवासी नहीं हूँ, मैं तहसील का निवासी हूँ अथवा मैं संबंधित राज्य मे लागू संगत राजस्व/प्रशासनिक अवसंरचना जो कि विज्ञापन वर्णित है, का निवासी हूँ जिसके लिए यह आवेदन जमा किया गया है। | |
| 11 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मैनें मान्यता प्राप्त बोर्ड में न्यूनतम 10वीं कक्षा परीक्षा या समकक्ष पास की है। | |
| 12 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि विज्ञापित स्थान पर गोदाम के लिए मेरे नाम/ पारिवारिक ईकाई** के सदस्यों के नाम अथवा मेरे माता–पिता एवं दादा–दादी, नाना–नानी के नाम की स्वामित्व वाली भूमि है और यह विज्ञापन के खण्ड सं. 3 (ज) में स्वामित्व मापदण्डों सहित योग्यता शर्तों को पूरा करती है। (कृपया आरजीजीएलवी के लिए सामान्य अनुदेश का मद सं. 9 का अवलोकन करें)। | |
| 13 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मेरे पास विज्ञापन के खण्ड सं. 3(छ) पर योग्यता मापदण्डों के अनुसार न्यूनतम निधि रु. 4.0 लाख (अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के लिए रु. 2.0 लाख) है। (कृपया मद सं. 10 एवं 11 में आरजीजीएलवी के लिए आवेदन हेतु उम्मीदवारों के लिए सामान्य अनुदेशों का अवलोकन करें)। मैं यह भी पुष्टि करता हूँ कि मैनें आवेदन में ''पारिवारिक ईकाई**'' से बाहर के सदस्यों के साथ संयुक्त खाता की राशि को नहीं दर्शाया है। | |
| 14 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मैनें नाम, तिथि एवं स्थान के साथ आवेदन के अंत में (मद संख्या 14) पर दिए गए वचन पत्र पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। | |
| 15 | मैं यह पुष्टि करता हूँ कि मैनें आवेदन के सभी पृष्ठों पर नं. डालकर हस्ताक्षर कर लिये है। | |
| 16 | कि सभी संलग्नकों सहित आवेदन में कुल पृष्ठों की संख्या .......................... है। | |
| 17 | मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन सभी दृष्टियों से पूर्ण है तथा सभी अपेक्षित दस्तावेज संलग्न है। | |

| **तिथि** | **स्थान** | **आवेदक का नाम** | **हस्ताक्षर** |
|---|---|---|---|
| | | | |

# जँहा भी जांच सूची में कोई भी मद लागू नहीं है तो आवेदक चैक बॉक्स में ''लागू नहीं'' दर्शाएं।

सम्पूर्ण आवेदन के प्रयोजन हेतु विवाहित आवदेक की **''पारिवारिक ईकाई**''** में स्वयं आवेदक, आवेदक के पति/पत्नी, अविवाहित पुत्र/पुत्री (यां) और अविवाहित आवेदक की ''परिवार ईकाई**'' में स्वयं आवेदक, आवेदक के माता पिता और आवेदक के अविवाहित भाई/बहिनें शामिल हैं।

**आरजीजीएलवी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश**

| मद सं. | निर्देश | सत्यापन के समय आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले समर्थन दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन के अनुसार जिस स्थान के लिए आवेदन किया गया है, उसका नाम लिखें। | |
| 2(क) एवं 2(ख) | विज्ञापन के अनुसार जिस स्थान के लिए आवेदन किया है उसकी ग्राम पंचायत एवं तहसील (अथवा विज्ञापन की मद सं. 1 में विनिर्देशित नाम) का नाम लिखें। | |
| 3 | विज्ञापन के अनुसार जिस स्थान के लिए आवेदन किया गया है, उसके जिले का नाम लिखें। | |
| 4 | विज्ञापन के अनुसार जिस स्थान के लिए आवेदन किया गया है, उसके राज्य का नाम लिखें। | |
| 5 | विज्ञापन के अनुसार जिस स्थान के लिए आवेदन किया गया है, उसकी श्रेणी का नाम लिखें। | जैसा लागू हो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए पात्रता प्रमाणपत्र। जाति वैधता प्रमाणपत्र, जैसा लागू हो। उदाहरण के लिए यदि स्थान की श्रेणी एससी (सीसी) है तो आवेदक को एससी तथा सीसी दोनों श्रेणियों के लिए पात्रता प्रमाणपत्र देना होगा। इसी प्रकार ओबीसी के मामले में आवेदक को ओबीसी के पात्रता प्रमाणपत्र के साथ ओबीसी और नॉन क्रीमी लेयर स्थिति दोनों में होने के लिए घोषणा/ वचन (नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र) देने होंगे। |
| 6 | मद संख्या 1 में उल्लेखित स्थान के लिए जिस समाचार पत्र में विज्ञापन मिला है, उसका नाम और तारीख लिखें। | |
| 7 | मद संख्या 7.1 से 7.8 के लिए परिशिष्ट–क में दिए गए प्रारूप के अनुसार व्यक्तिगत विवरण भरे जाएं और नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा किए जाए | सक्षम प्राधिकारी से मानक प्रारूप में निवास प्रमाणपत्र। जन्म तिथि का प्रमाण – 10वीं कक्षा बोर्ड प्रमाणपत्र/जन्म प्रमाणपत्र/पासपोर्ट/पैन कार्ड |
| 8 | शिक्षा | मूल मेट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र या समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा का प्रमाणपत्र |
| 9 | गोदाम के लिये भूंखड या तैयार गोदाम के विवरण, जो निम्नलिखित आवश्यकताएं पूरी करते होंः<br>**आवेदक के पास अपने स्वयं काः–**<br>विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान पर सिलेंडरों में 5000 कि.ग्रा. एलपीजी के भंडारण के लिए एलपीजी गोदाम के निर्माण हेतु 21 मीटर x 26 मीटर न्यूनतम परिमाप का भूखण्ड होना चाहिए। गोदाम के निर्माण के लिए 21 मीटर x 26 मीटर न्यूनतम परिमाप का भूखण्ड न होने पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>**अथवा**<br>विज्ञापित आरजीजीएलवी स्थान पर 5000 किग्रा. एलपीजी सिलेण्डरों के भंडारण की क्षमता का तैयार गोदाम<br>(टिप्पणीः यदि वहां पर एलपीजी गोदाम के निर्माण के लिए लागू राज्य विनिर्देशित आवश्यकताएं/ मानक हैं तो यह संबंधित आरजीजीएलवी स्थानों के लिए भी लागू होंगे तथा उस संबंधित राज्य में विज्ञापन के | आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्य/ आवेदक के माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के नाम पर भूमि/गोदाम के संबंध में दस्तावेजः पंजीकृत विक्रय विलेख/उपहार विलेख/दाखिल–खारिज तथा राजकीय अभिलेख आदि।<br>भूमि दस्तावेज की तिथि विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में उल्लिखित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या इससे पहले की होनी चाहिए।<br>आवेदक के पारिवारिक इकाई के सदस्य/ माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के नाम पर भूमि के संबंध में उक्त परिवार के सदस्यों की सहमति नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र (परिशिष्ट–ख) के रूप में आवेदन के साथ संलग्न की जाए। |

शेष अगले पृष्ठ पर ......

| | | |
|---|---|---|
| | विनिर्धारित अनुसार भूखण्ड के लिए संशोधित न्यूनतम परिमाप लागू होंगे।)<br>भूखण्ड अथवा तैयार एलपीजी सिलेण्डर भण्डारण गोदाम पर सभी मौसमों में वाहन जाने योग्य सड़क (सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक सड़क से जुड़ने वाली निजी सड़क) होनी चाहिए। सार्वजनिक सड़क से जुड़ने वाली निजी सड़क के मामले में यह आवेदक/परिवार के सदस्य की होनी चाहिए, जैसा भूमि के स्वामित्व मापदंडों में विज्ञापन की मद संख्या 3(ज) (iii) में परिभाषित किया गया है। भूमि समतल होनी चाहिए, प्लॉट एक ही टुकड़े में होना चाहिए, लाइव ओवरहैड पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों अथवा टेलीफोन लाइनों से मुक्त होना चाहिए। भूखंड में से नहर/ ड्रेनेज/नाला आदि नहीं गुजरना चाहिए। एलपीजी गोदाम के निर्माण की भूमि/एलपीजी गोदाम को लोक निर्माण विभाग/राजमार्ग प्राधिकरण /टाउन और कंट्री प्लानिंग विभाग आदि जैसे विभिन्न सांविधिक निकायों के मानकों को भी पूरा करना चाहिए<br>आरजीजीएलवी के लिए एलपीजी सिलेण्डरों के भण्डारण हेतु पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा स्वीकृत एवं लाइसेंस प्राप्त भण्डारण गोदाम की आवश्यकता होगी। | यदि यह भूमि किसी अन्य व्यक्ति (यों) के साथ आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्य/ माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के संयुक्त स्वामित्व में है और आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्य/माता–पिता/दादा–दादी – नाना–नानी के हिस्से वाली भूमि गोदाम की भूमि की आवश्यकताएं पूरी करती है तो परिशिष्ट–झ के अनुसार संयुक्त स्वामियों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा।<br>"पारिवारिक इकाई" को महत्वपूर्ण टिप्पणी के अन्तर्गत नीचे परिभाषित किया गया है। |
| 10 | स्वयं अपने नाम पर एवं ''पारिवारिक इकाई'' के सदस्यों के नाम पर बैंक/डाकखाने में बचत खाते की राशि आवेदन जमा करने की निर्दिष्ट अंतिम तिथि, जैसा कि विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में बताया गया है, पर समापन शेष के अनुसार उपलब्ध होनी चाहिए, तथा केवल इसी समापन शेष पर विचार किया जाएगा।<br>''पारिवारिक इकाई'' के बाहर के सदस्यों के साथ संयुक्त खाते में रखी गई राशि का उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए तथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>परिशिष्ट–ख में दिए गए प्रारूप के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र संलग्न करें। | बचत बैंक खाते का विवरण/पासबुक जिससे विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर समापन शेष के रूप में उपलब्ध आवेदन में उल्लिखित राशि का सत्यापन किया जा सके। |
| 11 | स्वयं अपने नाम पर और ''पारिवारिक इकाई'' के सदस्यों के नाम पर बॉन्ड/एनएससी में निवेश – आवेदन की तिथि पर मूल्य (राशि)<br>स्वयं अपने नाम पर और ''पारिवारिक इकाई'' के सदस्यों के नाम पर अनुसूचित बैंक/डाकखाने/ सूचीबद्ध कंपनियों/सरकारी संगठन/पीएसयू में सावधि जमा/टर्म जमा/पीपीएफ, किसान विकास पत्र – आवेदन की तिथि पर मूल्य (राशि)<br>विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर आवेदन में घोषित निवेश सत्यापन के लिए उपलब्ध होना चाहिए।<br>परिशिष्ट 'ख' के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करें (यदि लागू हो)<br>''पारिवारिक इकाई'' के बाहर के सदस्यों के साथ संयुक्त खाते में रखी गई राशि का उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए तथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा। | समर्थन के सभी दस्तावेज, जिनके आधार पर राशि को बिंदु संख्या 11 में आवेदन की तिथि के अनुसार घोषित किया गया है, उपलब्ध किये जाए।<br>बैंक/डाकखाने या संबंधित वित्तीय संस्थान/ जारीकर्ता संगठन द्वारा प्रमाणित निवेश दस्तावेजों के लिए आवेदन की तिथि के अनुसार घोषित मूल्य (राशि)।<br>सावधि जमा/पीपीएफ/टर्म जमा/बॉन्ड/ एनएससी आदि के मामले में इनकी परिपक्वता राषि आवेदन की तिथि और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में निर्दिष्ट, के बीच होने पर आवेदक को घोषित राशि के पुनः निवेश के प्रमाण के रूप में आवेदन की मद संख्या 10 और 11 में उल्लिखित अन्य कोई प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिए। उक्त निवेश की तिथि विज्ञापन या शुद्धिपत्र में (यदि कोई हों) में दी गई आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या उसके पूर्व होनी चाहिए। |
| | आवेदन की तिथि पर एनएवी पर आधारित म्युचुअल फंड/सूचीबद्ध शेयर/यूलिप में निवेश | आवेदन की तिथि पर मूल्य, जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित मूल्यांकनकर्ता या संबंधित वित्तीय संस्थान द्वारा प्रमाणित किया गया हो /चार्टर्ड एकाउंटेंड द्वारा प्रमाणित। |
| | धन की राशि, जो आवेदक बीमा पॉलिसी के अभ्यार्पण पर प्राप्त कर सकता है। | बीमा कंपनी से प्रमाणपत्र। |
| 12 | किसी न्यायालय ने कभी भी किसी आपराधिक वारदात के लिए जिसमें नैतिक पतन और/या आर्थिक अपराध शामिल हैं (स्वतंत्रता संग्राम को छोड़कर) दोषी करार दिया है, और/या आरोप तय किए गये हैं | परिशिष्ट–क में प्रारूप के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा किया जाए। |
| 13 | मद संख्या i से viii तक एसकेओ (कैरोसीन) डीलरों द्वारा प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त जानकारी | परिशिष्ट–क में प्रारूप के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जमा किया जाए।<br>इस आरजीजीएलवी के विज्ञापन के माह के तत्काल पहले के 12 माह के दौरान एसकेओ में प्रति माह आवंटन की प्रति संलग्न करें, जिसे राज्य सरकार के आवंटन अधिकारी या संबंधित तेल विपणन कंपनी के मंडल/टेरीटेरी/ क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जारी किया जाए।<br>संबंधित ओएमसी के साथ एसकेओ डीलरशिप करार की प्रति। |

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

1 **इस पूरे आवेदन के प्रयोजनार्थ एक विवाहित आवेदक की 'परिवार इकाई'** में स्वयं आवेदक, आवेदक की पत्नी/पति और अविवाहित पुत्र/पुत्री (पुत्रियां) शामिल होंगे, और अविवाहित आवेदक की परिवारिक इकाई में स्वयं आवेदक, आवेदक के माता–पिता और आवेदक के अविवाहित भाई/बहन (बहनें) शामिल होंगी।**

2 **आवेदक को आवेदन पत्र के विभिन्न मदों में उल्लिखित सभी जानकारियां देनी होगी। यदि चुना जाता है तो सत्यापन के समय आवेदक को आवेदन में दी गई जानकारी के समर्थन में सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सत्यापन के समय इन दस्तावेजों को मूल रूप में प्रस्तुत करने में असफल रहने पर चुने गए प्रत्याशी द्वारा एफवीसी से पहले जमा की गई रु. 20,000/– की राशि जब्त होने के साथ चयन रद्द हो जाएगा।**

3 **अगर किसी जगह पर आवेदक को ब्यौरा देने के लिए अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता है तो अतिरिक्त पंक्ति या अतिरिक्त कागज जोड़कर ब्यौरा दिया जा सकता है। तथापि, ब्यौरा उसी प्रारूप में दिया जाए जैसा कि उस मद विशेष में उल्लेख किया गया है।**

## परिशिष्ट–क

### (नोटरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र)

### (अपेक्षित राशि के उपयुक्त गैर–न्यायिक स्टेम्प पेपर पर टाइप किया जाए)

मैं, .......................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी ........................................ आयु ............................... वर्ष ..................... का निवासी एतद्द्वारा शपथपूर्वक पुष्टि और बयान करता हूं :

1. कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ और ...................................... राज्य के (गांव का नाम), (ग्राम पंचायत***), (तहसील***), (जिला) का निवासी हूं।

2. कि मेरी जन्म तिथि है | दिन | दिन | – | माह | माह | – | वर्ष | वर्ष | वर्ष | वर्ष | (शब्दों में ..........................................)

3. कि मैंने दसवीं या समकक्ष परीक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड से वर्ष में उत्तीर्ण की है वर्ष ☐☐☐☐

**और**

कि मैंने सीनियर सेकेंडरी अर्थात (10+2) सीबीएसई या समकक्ष परीक्षा वर्ष में उत्तीर्ण की है* वर्ष ☐☐☐☐

**और**

कि मैंने स्नातक परीक्षा वर्ष में उत्तीर्ण की है* वर्ष ☐☐☐☐

4. कि मैं अविवाहित हूं। कि मेरे पास, मेरे पिता, माता, अविवाहित भाई (भाइयों), अविवाहित बहन (बहनों) के पास किसी तेल कम्पनी की न तो डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप है और न ही रिटेल आउटलेट या एसकेओ–एलडीओ डीलरशिप या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप या आरजीजीएलवी के लिए कोई आशय–पत्र है।

**अथवा**

कि मैं विवाहित हूं और मेरी पत्नी/पति का नाम ............................................ है। कि मेरे पास मेरे पति/पत्नी, अविवाहित पुत्र (पुत्रों)/अविवाहित पुत्री (पुत्रियों) के पास किसी तेल कम्पनी की न तो डीलरशिप/ डिस्ट्रीब्यूटरशिप है और न ही रिटेल आउटलेट या एसकेओ–एलडीओ डीलरशिप या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप या आरजीजीएलवी के लिए कोई आशय–पत्र है।

**अथवा**

कि मैं विधवा/विधुर हूं। कि मेरे पास, मेरे अविवाहित पुत्र (पुत्रों)/अविवाहित पुत्री (पुत्रियों) के पास किसी तेल कम्पनी की न तो डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप है और न ही रिटेल आउटलेट या एसकेओ–एलडीओ डीलरशिप या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप या आरजीजीएलवी के लिए कोई आशय–पत्र है।

**अथवा**

कि मैं तलाकशुदा हूं। कि न तो मेरे पास, न ही मेरे अविवाहित पुत्र (पुत्रों)/अविवाहित पुत्री (पुत्रियों) (जिनकी संरक्षा मुझे दी गई है) के पास किसी तेल कम्पनी की न तो डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप है और न ही एसकेओ–एलडीओ डीलरशिप या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप या आरजीजीएलवी के लिए कोई आशय–पत्र है।

5. मैं एतद्द्वारा पुष्टि करता हूं कि मेरे परिवार के कोई भी सदस्य (विज्ञापन के खंड 3 (ङ) में परिभाषित) तेल विपणन कंपनियों में कर्मचारी नहीं है।
6. कि मेरा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा है।
7. कि किसी न्यायालय ने कभी भी किसी आपराधिक वारदात के लिए जिसमें नैतिक पतन और/या आर्थिक अपराध शामिल हैं (स्वतंत्रता संग्राम को छोड़कर) न ही मुझे दोषी करार दिया है, और न ही मेरे खिलाफ कभी आरोप तय किये गये हैं।
8. कि मैं एतद्द्वारा पुष्टि करता हूं कि मैं किसी तेल कम्पनी की ऐसी डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप करार पर कभी हस्ताक्षरकर्ता नहीं रहा हूं जो कदाचार सिद्ध होने पर और/या विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के उपबंधों के उल्लंघन करने के लिए निरस्त कर दी गई थी।
9. **एसकेओ डीलरों की श्रेणी के तहत आवेदन करने हेतु आवेदकों के लिए :**

(क) कि मैं ....................... (ओ.एम.सी का नाम) की एस.के.ओ. डीलरशिप में (नाम व शैली)................ स्थान........ का एकमात्र स्वामी हूँ जो कि इस आरजीजीएलवी विज्ञापन के माह के तत्काल पहले के 12 माह के दौरान एस. के.ओ में प्रतिमाह 75 कि.ली. से कम के औसत आबंटन पर प्रचालित है।

(ख) कि मुझे विज्ञापन की तिथि से पूर्व पिछले 5 वर्षों के अंदर विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए कभी दंडित नहीं किया गया और/या मेरी डीलरशिप के खिलाफ विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों, डीलरशिप करार, कैरोसीन नियंत्रण आदेश या एस्मा के तहत कोई कार्रवाई लंबित नहीं है।

(ग) मुझे ज्ञात है कि यदि आरजीजीएलवी के लिए मेरा चयन हो जाता है तो आईओसी/ बीपीसी/ एचपीसी द्वारा एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में नियुक्त करने से पहले मुझे अपनी एसकेओ डीलरशिप अभ्यर्पित करनी होगी।

10. कि यदि आरजीजीएलवी दिए जाने के लिए मेरे आवेदन या आवेदन के समर्थन में मेरे द्वारा जमा करवाए किसी दस्तावेज अथवा इस शपथपत्र में मेरे द्वारा दी गई कोई सूचना/घोषणा असत्य, गलत या झूठ पाई गई तो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड*/भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड*/हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड* को अपना आशय–पत्र वापस लेने/डिस्ट्रीब्यूटरशिप को निरस्त करने (यदि पहले ही नियुक्त कर दी गई है) का अधिकार होगा और कि ऐसी वापसी/निरस्तीकरण के लिए कॉर्पोरेशन के विरुद्ध मेरा कोई दावा नहीं होगा।

***जो लागू नहीं हो उसको काट दें।**

***** विज्ञापन में विनिर्देशित अनुसार संगत राजस्व/प्रशासनिक अवसरंचना दर्शायें।**

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि उपरोल्लिखित मेरे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है और उसमें कुछ भी तथ्यपरक छिपाया नहीं गया है।

मेरे सामने शपथपूर्वक पुष्टि एवं घोषणा की गई

का ........................................ दिन ..........................................

.......................................... ..........................................

**मजिस्ट्रेट/न्यायाधीश/नोटरी पब्लिक के हस्ताक्षर एवं मोहर** — **शपथपत्र देने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर (नाम स्पष्ट अक्षरों में)**

## परिशिष्ट–ख

### (नोटरीकृत शपथपत्र)

### (अपेक्षित मूल्य के उपयुक्त गैर–न्यायिक स्टैम्प पेपर पर टाइप किया जाए)

**(परिवार के सदस्य द्वारा दिया जाए जैसा कि पात्रता मापदंड में आवेदक को छोड़कर परिभाषित है)**

मैं,.................................. पुत्र/पत्नी............................ आयु ......... वर्ष .............. का निवासी, एतद्द्वारा शपथपूर्वक पुष्टि एवं बयान करता हूं कि :

1. कि मैं अविवाहित हूं और मेरे पिता*/माता*/अविवाहित भाई*/अविवाहित बहन* (श्री/सुश्री) .......................... ............. ने दिनांक ...........................के ..................समाचार–पत्र में दिए गए विज्ञापन के अंतर्गत ............... श्रेणी के तहत ............................ (स्थान) पर आईओसी*/बीपीसी*/एचपीसी* के आरजीजीएलवी के लिए आवेदन किया है।

**या**

कि मैं विवाहित हूं और मेरे अविवाहित पुत्र*/अविवाहित पुत्री*/विवाहित पुत्र*/विवाहित पुत्री*/पत्नी*/पति* /पोता*/पोती*/नाती*/नातिन* (श्री/सुश्री) ..........................................ने दिनांक ................ के ...................... .............. समाचार–पत्र में दिए गए विज्ञापन के अंतर्गत ................................. श्रेणी के तहत ................ (स्थान) पर आईओसी*/बीपीसी*/एचपीसी* के आरजीजीएलवी के लिए आवेदन किया है।

***जो लागू नहीं हो उसे काट दें।**

2. कि यदि उसका आरजीजीएलवी के लिए चयन हो जाता है तो मैं मद सं. 10 और 11 पर उल्लिखित राशि की सीमा तक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराऊंगा जो ..................................................(स्थान) पर आईओसी*/ बीपीसी*/ एचपीसी* के आरजीजीएलवी के लिए (श्री/सुश्री) ............................................... द्वारा जमा करवाए गए आवेदन में मेरे नाम के अंतर्गत है।
3. कि यदि उसका आरजीजीएलवी के लिए चयन हो जाता है तो मेरे नाम से मद सं. 9 पर विनिर्दिष्ट भूमि पर गोदाम/शोरूम का निर्माण करने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि उपरोल्लिखित मेरे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

मेरे सामने शपथपूर्वक पुष्टि एवं घोषणा की गई

का ................................ दिन ......................................

**मजिस्ट्रेट/न्यायाधीश/नोटरी पब्लिक के हस्ताक्षर एवं मोहर** — **हस्ताक्षर अभिसाक्षी का नाम आवेदक के साथ संबंध**

## परिशिष्ट–ग

### मानक आवास प्रमाणपत्र

### (जांच के समय चयनित अभ्यर्थी द्वारा दिया जाएगा)

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..............................................................पुत्र/पुत्री/ पत्नी ......................... वर्षों से ............ (शहर/गांव का नाम), .........................., ग्राम पंचायत*................, तहसील* ..........................., जिला, .............. राज्य के निवासी हैं।

यह प्रमाणपत्र ..............................................पर राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक हेतु आवेदन करने के लिए जारी किया गया है।

**दिनांक** .................................. (...................................)

**स्थान**..................................

**उप–तहसीलदार/तहसीलदार/ उप–मामलातदार/मामलातदार के हस्ताक्षर (कार्यालय का मुहर)**

* विज्ञापन में विनिर्देशित जैसा लागू हो संगत राजस्व/प्रशासनिक अवसंरचना दर्शाई जाएं।

## परिशिष्ट–घ

### एससी/एसटी श्रेणी के प्रमाणपत्र के लिए मानक प्रारूप

**टिप्पणी :** अभ्यर्थी को, जो एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित होने का दावा करता है, अपने दावे के समर्थन में निम्नांकित प्रपत्र में मूल प्रमाणपत्र उसकी एक प्रति के साथ जमा करवाना होगा, जो भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी # द्वारा किसी समय जारी किया गया हो, जिसे उस जिले की संबंधित राज्य सरकार द्वारा ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम के रूप में नामजद किया गया है, जिसमें आवेदक के माता–पिता (जीवित माता–पिता) सामान्यतः निवास करते हैं। यदि माता–पिता, दोनों का देहांत हो गया है तो प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने वाला अधिकारी उस जिले का होना चाहिए जहां अभ्यर्थी, अपनी शिक्षा के प्रयोजन को छोड़कर, सामान्यतः निवास करता है। प्रमाणपत्र की असलियत के बारे में कोई संदेह होने पर उसकी जांच संबंधित जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त से कराई जा सकती है।

**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों द्वारा जमा करवाए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रारूप**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी*.................................पुत्र/पुत्री*.............................. निवासी गांव/शहर* ................................... जिला/प्रभाग* ....................... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* .................. के .............................. जाति/जनजाति के है और उनका धर्म .............................. है जो बाम्बे पुनर्गठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1956* के साथ पठित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सूची (संशोधन) आदेश 1956* के अंतर्गत एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता–प्राप्त है।

भारतीय संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956*

भारतीय संविधान (अण्डमान एवं निकोबार द्वीप) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1956*

भारतीय संविधान (दादर एवं नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962*

भारतीय संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964*

भारतीय (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967*

भारतीय संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970*

**स्थान :** ............................ **हस्ताक्षर :** ..............

**तिथि :** .......................... **पद :** ....................

**(कार्यालय की मुहर के साथ)**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र*

*कृपया जो शब्द लागू नहीं हो, उसे काट दें।

**टिप्पणी :** यहां प्रयुक्त पद "सामान्यतः निवास करता है" का वही अर्थ है जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–20 में उल्लिखित है।

# जाति/जनजाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी

i जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त, उप कलेक्टर, प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/नगर मजिस्ट्रेट*** उपमंडल मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त।

***(प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट के ओहदे से निम्नतर नहीं)

ii मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट, प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट।

iii राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार से निम्नतर ओहदे का नहीं हो।

iv उस क्षेत्र के उप मण्डल अधिकारी जहां अभ्यर्थी और/या उसका परिवार सामान्यतः निवास करता है।

v प्रशासनिक/प्रशासक का सचिव/विकास अधिकारी (लक्षद्वीप)।

## परिशिष्ट–ङ

### अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के प्रमाणपत्र के लिए मानक प्रारूप

**टिप्पणी :** अभ्यर्थी, जो अन्य पिछड़ा वर्ग में से एक से संबंधित होने का दावा करता है को अपने दावे के समर्थन में निम्नांकित प्रपत्र में मूल प्रमाणपत्र उसकी एक प्रति के साथ जमा करवाना होगा, जो भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

**''अन्य पिछड़ा वर्ग'' के अभ्यर्थियों द्वारा जमा करवाए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रपत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी*..............................पुत्र/पुत्री*..........................निवासी गांव/शहर* ...................... जिला/प्रभाग* .................. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* ...............के ...................... समुदाय में आते हैं जो कि पिछड़ा वर्ग के समुदाय के रूप में निम्नलिखित भारत सरकार (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

| क्र. सं. | भारत सरकार (केन्द्र सरकार) द्वारा जारी संकल्प संख्या | भारत सरकार (केन्द्र सरकार) द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना की तिथि | संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| | | | |

श्री/श्रीमती/कुमारी* ..................................................................और/या उनका परिवार सामान्यतः राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र* ...................................... के जिला/प्रभाग* के ..................... गांव / कस्बे* .................................... के निवासी हैं।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के ओ.एम. संख्या 36012/22/93–ई.एस.टी.टी. (एससीटी) दिनांक 08.09.1993 जिसे भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के ओ.एम. संख्या 36033/1/2013 – ई.एस.टी.टी. (आरईएस) दिनांक 27.05.2013 व अन्य कोई अद्यतन संशोधन द्वारा संशोधित किया गया है, की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) में नहीं आते हैं।

**स्थान :** ............................ **हस्ताक्षर :** ..............

**तिथि :** .......................... **पद :** ....................

**(कार्यालय की मुहर के साथ)**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र*

*कृपया जो शब्द लागू नहीं हो, उसे काट दें।

**टिप्पणी :**

(क) यहां प्रयुक्त पद "सामान्यतः निवास करता है" का वही अर्थ है जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–20 में उल्लिखित है।

(ख) अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए जाति प्रमाणपत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार हैं :

i जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/उप कलेक्टर/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/उप मण्डल मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त (प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट के ओहदे से निम्नतर नहीं)

ii मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट।

iii राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार से निम्नतर ओहदे का नहीं हो।

iv उस क्षेत्र के उप मण्डल अधिकारी जहां प्रत्याशी और/या उसका परिवार सामान्यतः निवास करता है।

(ग) प्रत्याशी की अन्य पिछड़ा वर्ग स्थिति के निर्धारण के लिए तथा यह भी निर्धारित करने के लिए कि प्रत्याशी क्रीमी लेयर में नहीं आता है, विज्ञापन या शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) में दी गई सूचना में उल्लिखित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को गणना के लिए माना जाएगा। प्रत्याशी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उपरोक्त निर्दिष्ट प्रारूप में संगत अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाणपत्र जमा करना चाहिए।

## परिशिष्ट–च

### अन्य पिछड़ा वर्ग प्रत्याशियों के लिए नोटरी द्वारा प्रमाणित घोषणा/वचन पत्र

### (अपेक्षित मूल्य के उपयुक्त गैर–न्यायिक स्टैम्प पेपर पर टाइप किया जाए)

मैं .................................................. पुत्र / पुत्री / श्री ......................... राज्य / संघ राज्य क्षेत्र* ...................... के जिला ............. के गांव / शहर /कस्बे ......................... का निवासी हूँ, एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं ....................... समुदाय का हूं जिसे भारत सरकार द्वारा सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन से कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93– ई.एस.टी.टी. (एससीटी) दिनांक 08.09.1993 में निहित आदेश के अनुसार पिछड़े वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है। यह भी घोषित किया जाता है कि मैं उपरोक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन सं. दिनांक 08.09.1993 की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हूं, जिसे कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ.एम. संख्या 36033/1/2013–ई.एस.टी.टी. (आरईएस) दिनांक 27.05.2013 व अन्य कोई अद्यतन संशोधन द्वारा संशोधित किया गया है।

(प्रत्याशी के हस्ताक्षर)

स्थान : ..........................

तिथि : ........................

प्रत्याशी द्वारा घोषणा/वचन पत्र पर हस्ताक्षर नहीं होने से इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

झूठी घोषणा करने पर आवेदक की उम्मीदवारी/आवेदन को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

## परिशिष्ट–छ

### शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के लिए प्रमाणपत्र हेतु मानक प्रपत्र

प्रमाणपत्र जारी करने वाले संस्थान/अस्पताल का नाम और पता

प्रमाणपत्र सं. ............................

दिनांक

### विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..................................... पत्नी/पुत्री/पुत्र श्री ............................... आयु ..................................पुरूष/स्त्री, पंजीकरण सं.................................. शारीरिक रूप से विकलांग/दृश्य विकलांग/वाक् एवं श्रव्य विकलांग हैं और उनके ............................. के संबंध में ....................... % (..........) स्थायी (शारीरिक विकलांगता/दृश्य विकलांगता/वाक् एवं श्रव्य विकलांगता) है।

**टिप्पणी :**

1. यह अवस्था प्रगतिशील/अप्रगतिशील/सुधार संभाव्य/सुधार असंभाव्य है।*
2. पुनर्मूल्यांकन असंस्तुत है/संस्तुत है....................माह/वर्ष की अवधि के बाद।

*जो लागू नहीं हो, उसे काट दें।

हस्ताक्षर (चिकित्सक) मुहर — हस्ताक्षर (चिकित्सक) मुहर — हस्ताक्षर (चिकित्सक) मुहर

रोगी के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान

चिकित्सा अधीक्षक/सीएमओ/

अस्पताल के प्रमुख द्वारा प्रति हस्ताक्षरित (मुहर के साथ)

यहां विकलांगता को दर्शाने वाला हाल ही में

खींचा गया अनुप्रमाणित फोटोग्राफ चिपकाएं।

## परिशिष्ट–ज

### अर्धसैनिक बल/पुलिस/सरकारी कर्मचारी श्रेणी के लिए मानक प्रारूप

प्रमाणपत्र जारी करने वाले संगठन/सरकारी कार्यालय के आधिकारिक लेटर हेड पर कार्यालय प्रमुख या ऐसे अधिकारी जिसका रैंक सरकार के अवर सचिव से निम्नतर नहीं हो, द्वारा जारी किया जाएगा।

संदर्भ सं.

दिनांक

### अर्धसैनिक बल/पुलिस/सरकारी कर्मचारी श्रेणी के लिए पात्रता प्रमाणपत्र

i. # यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ........................................................................... हमारे कार्यालय ........................................ में .................पद पर कार्य कर रहे थे और ................................ (स्थान का नाम) पर दिनांक ........................... को उनका निधन हो गया। श्री/सुश्री ................... की ...................... के दौरान असाधारण बलिदान को मान्यता देते हुए .................. (शौर्य पुरस्कार का नाम) से सम्मानित किया गया।

श्री/सुश्री (आवेदक का नाम), ............................... (संबंध) ....................... हमारे अभिलेखों के अनुसार श्री/सुश्री ............................... के आश्रित थे।

**या**

ii. # यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ........................................................................... हमारे कार्यालय ......................................... में .................. के पद पर कार्यरत थे जिनका ................................ (स्थान का नाम) पर कार्य निर्वहन करते हुए दिनांक ............................ को उनका निधन हो गया।

श्री / सुश्री (आवेदक का नाम), ............................... (संबंध) ...................................... हमारे अभिलेखों के अनुसार श्री/सुश्री ............................... के आश्रित थे।

**या**

iii. # यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री / सुश्री (आवेदक का नाम), ............................... हमारे ................ संगठन में कार्यरत थे और वे .................. (स्थान) पर कार्यरत रहते हुए ........................ (तिथि) को विकलांग हो गए।

**या**

iv. # यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती, ...................................... हमारे संगठन में ............................ के पद पर कार्यरत थे और ..................... (स्थान) पर कार्यरत रहते हुए ........................... (तिथि) को उनका निधन हो गया।

हमारे अभिलेखों के अनुसार श्री/सुश्री (आवेदक का नाम) .......................................................... (संबंध)................ श्री/सुश्री .................. के आश्रित थे।

**या**

v. # यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री / सुश्री ............................... हमारे संगठन ....................में कार्यरत थे और वे कार्यरत रहते हुए शान्ति काल में ......................... (तिथि) को आरोप्य कारणों से विकलांग हो गए।

# यदि लागू नहीं है तो हटा दें।

आवेदक के अनुप्रमाणित हस्ताक्षर

**स्थान :** ................................. **हस्ताक्षर :** ........................................

**तिथि :** ............................... **नाम :** ..........................................

**पद :** ..........................................

**(कार्यालय की मुहर)**

## परिशिष्ट–झ

**भूमि के प्रस्ताव के लिए आवेदक/पारिवारिक इकाई के सदस्यों/माता –पिता/आवेदक के नाना–नानी – दादा–दादी तथा तीसरे पक्ष से नोटरीकृत शपथ पत्र – भूमि के सभी संयुक्त स्वामियों (आवेदक के अलावा) जिसमें आवेदक के पारिवारिक इकाई के सदस्यों/माता–पिता/नाना–नानी – दादा–दादी शामिल हैं, को अपनी ओर से यह व्यक्तिगत शपथ पत्र जमा करना होगा।**

### (अपेक्षित मूल्य के उपयुक्त गैर–न्यायिक स्टैम्प पेपर पर टाइप किया जाए)

**मैं,..................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी ............................... आयु .......... वर्ष ............... का निवासी, एतद्द्वारा शपथपूर्वक पुष्टि एवं बयान करता हूं कि :**

1. *कि मैं, श्री / श्रीमती ......................... राज्य ............................ के जिला .................. के .............................. (गांव / कस्बा).................... तहसील में संयुक्त रूप से इस भूखंड का स्वामी हूं जिसका गाटा / खसरा / सर्वेक्षण संख्या .................... है और जिसका मापन क्षेत्रफल निम्नलिखित विवरणों के अनुसार .............. वर्ग मीटर है (माप ...................... मीटर X .............. मीटर) :

| संयुक्त स्वामियों के नाम | पंजीकृत विक्रय विलेख की तिथि/उपहार विलेख/ दाखिल खारिज की तिथि | खसरा सं. / गाटा सं./ सर्वेक्षण सं. | सीमांकित योजना के अनुसार प्रस्तावित भूमि का माप (मी.xमी. में) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

2. कि श्री / श्रीमती .................................. ने दिनांक ..................................... के समाचार–पत्र ........................ में दिए गए विज्ञापन के अंतर्गत ............................................ श्रेणी के तहत ................................ (स्थान) पर आईओसी*/बीपीसी*/एचपीसी* के आरजीजीएलवी के लिए आवेदन किया है।
3. कि यदि उसका आरजीजीएलवी के लिए चयन हो जाता है तो मैं पुष्टि करता हूँ कि उपरोक्त स्थान पर भूमि के स्थल चित्र पर संलग्न सीमांकित भूमि का माप पर एलपीजी गोदाम (ओएमसी द्वारा वांछित) के निर्माण के लिए मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि उपरोल्लिखित मेरे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

मैं यह भी पुष्टि करता हूं कि मैंने उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का यह खंड किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तावित नहीं किया है।

मेरे सामने शपथपूर्वक पुष्टि एवं घोषणा की गई।

.................................... दिन.................................(माह) .......................... (वर्ष)

**मजिस्ट्रेट / न्यायाधीश /नोटरी पब्लिक के हस्ताक्षर एवं मुहर** — **हस्ताक्षर अभिसाक्षी के हस्ताक्षर**